# एक वादा यही आप से श्यामसुंदर मुझे चाहिए भजन लिरिक्स

एक वादा यही आप से,
श्यामसुंदर मुझे चाहिए,
हारने जब लगू दुख से मैं,
सामने सिर्फ तू चाहिए।bd।

तर्ज – जिंदगी की ना टूटे लड़ी।

---

आज तक तेरे बिन सांवरे,
एक भी ख्वाब देखा नहीं,
एक कदम भी चलूं तेरे बिन,
आज तक ऐसा सोचा नहीं,
जब सहारा ना मुझको मिले,
पास में सिर्फ तू चाहिए,
एक वादा यहीं आप से,
श्यामसुंदर मुझे चाहिए।bd।

---

मैं रहूं इस जहां में कहीं,
श्याम तू हो मेरे पास में,
तू बसे प्रार्थना में मेरी,
तू रहे मेरे एहसास में,
मेरी हिम्मत में ओ सांवरे,
बनके विश्वास तू चाहिए,
एक वादा यहीं आप से,
श्यामसुंदर मुझे चाहिए।bd।

---

पास जब कुछ नहीं था मेरे,
तूने सब कुछ दिया सांवरे,
जिंदगी के सफर में सदा,
साथी बनकर चला सांवरे,
'मंत्री' गाता रहे गुण तेरे,
ऐसी कृपा मुझे चाहिए,
एक वादा यहीं आप से,
श्यामसुंदर मुझे चाहिए।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

एक वादा यही आप से,
श्यामसुंदर मुझे चाहिए,
हारने जब लगू दुख से मैं,
सामने सिर्फ तू चाहिए।bd।

गायक – द्वारका मंत्री।
देवास मध्य प्रदेश 94250 47895
लेखक – जयंत सांखला।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com